हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


10 श्रीकृष्ण-सुदामा के मिलन की कथा सुनकर..



12 कृषि विज्ञान केंद्र में डॉ. टूटेजा ने किया धनिया, ..




## खबर संक्षेप

### उचित मूल्य दुकान में लाखों के खाद्यान्न का गबन

**सिमगा।** विकासखंड सिमगा के ग्राम आमाकोनी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक अध्यक्ष पूर्णिमा यदु, सचिव श्याम बाई ध्रुव एवं विक्रेता सुनील कुमार यदु द्वारा खाद्यान्न का गबन एवं अफरा तफरी किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें इनके द्वारा उचित मूल्य की दुकान से 133.79 क्विंटल चावल, 2.96 क्विंटल शक्कर, 2.10 क्विंटल नमक की कमी पायी गई है। इस प्रकार शासन को कुल 599301.22 रुपये के खाद्यान्न का गबन किया गया है, जो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 की कंडिका 5 (1) (12) (13) (24), 11 (2) (5) (11), 12 (3) 13 एवं 15 का उल्लंघन है। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय है। उक्त संबंध में जवाब लिए जाने के लिए जनशक्ति महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव एवं विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन नियत तिथि में अनुपस्थित रहे तथा जवाब भी नहीं दिया गया। उक्त अनियमितता के कारण इनके विरुद्ध थाना सुहेला में एफ आई आर दर्ज किए जाने कलेक्टर बलौदाबाजार द्वारा पत्र जारी किया गया है। जिस पर एसडीएम सिमगा अतुल शेटे ने खाद्य निरीक्षक को तत्काल एफ आई आर दर्ज कराने आदेशित किया है।

### धान खरीदी के अंतिम दिन उपार्जन केंद्रों की हुई जांच पड़ताल



**बलौदाबाजार।** धान खरीदी के आखरी दिन शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सोनी धान खरीदी केंद्र बिटकुली पहुंचे। उन्होंने इस दौरान समिति प्रबंधक से धान उपार्जन की जानकारी ली और खरीदी केंद्र में आए किसानों से बातचीत भी की। उन्होंने अधिकारियों को पंजी में इंद्राज के सम्बन्ध में जरूरी निर्देश दिये। श्री सोनी ने बताया कि जिले में धान खरीदी कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि ज़िले में साढ़े सात लाख टन से अधिक धान खरीदी की जा चुकी है। आज जारी टोकन से हुई खरीदी के आंकड़े जुड़ना शेष है। अंतिम आंकड़े जारी होने के बाद यथास्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान अवैध खपत पर कड़ी निगरानी रखी गई और नोडल अधिकारियों, उड़नदस्ता दलों और चेक पोस्ट के माध्यम से बड़ी संख्या में बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाइयां की गईं और 900 टन से अधिक अवैध धान जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केंद्रों, राइस मिल्स और पोहा मिलों में नियमित रूप से भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

## घोषणा के अनुरूप किसानों का एक एक दाना धान खरीदे सरकार : कॉंग्रेस

# मनरेगा कानून बदलने के विरोध में कांग्रेस ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्थानीय कांग्रेसजनों द्वारा कांग्रेस भवन में बापू की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। यह आंदोलन प्रदेश में धान खरीदी में व्याप्त अनियमितताओं तथा मनरेगा कानून में किए जा रहे संशोधनों के विरोध में आयोजित किया गया।

धरना स्थल पर आयोजित सभा को विधायक इन्द्र साव ने कहा कि कांग्रेस की योजनाओं की नींव महात्मा गांधी के विचारों ने रखी थी, जिसमें समाज के आखरी व्यक्ति के हितों की रक्षा, सम्मान व विकास मुख्य ध्येय था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। किसान महीनों की मेहनत के बाद जब अपना धान बेचने खरीदी केंद्रों तक पहुंचता है, तो उसे टोकन, सर्वर की समस्या, नई-नई शर्तों एवं समय-सीमा जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार किसानों को बिना धान बेचे ही केंद्रों से लौटना पड़ता है, जिससे वे आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

विधायक साव ने अधिकारियों द्वारा किसानों के घर-खेत जाकर धान के भौतिक सत्यापन किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह व्यवस्था अव्यवहारिक होने के साथ-साथ किसानों के स्वाभिमान के खिलाफ है। किसान पहले ही पंजीयन व आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करता है, इसके बावजूद घर जाकर जांच करना किसानों को संदेह की नजर से देखने जैसा है।

मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसमें ▶▶ शेष पेज 11 पर



### राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

पूर्व निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने भी संबोधित किया। उक्त मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने, धान खरीदी में आ रही अनियमितताओं को दूर करने तथा किसानों के हित में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की भी मांग की गई।

### मनरेगा बचाव व धान खरीदी तिथि बढ़ाने कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन कर चक्काजाम किया



**बलौदाबाजार।** नगर के गार्डन चौक में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मनरेगा बचाव संग्राम तथा किसानों की धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया गया। कार्यक्रम ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे द्वारा गांधी चौक में गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं। धरना-प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड सुरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा किसानों के हित में धान खरीदी की अंतिम तिथि शीघ्र बढ़ाई जाए।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



कसडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 130बी पर ग्राम सेल के समीप गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

■ राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी पर हुआ हादसा, 20 से 30 फीट दूर जा गिरे युवक

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा 29 जनवरी की रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच हुआ। मृतकों की पहचान ग्राम तुरकीनडीह निवासी रथराम केवट 53, फिरतु बैष्ठ 30 और दूरदेशी 62 के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों युवक बाइक से कहीं से लौट रहे थे, तभी ग्राम सेल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार 20 से 30 फीट दूर जा गिरे और गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज गति और लापरवाही को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## कलश यात्रा के साथ कबीर मेला प्रारंभ



**बंगोली|** ग्राम बंगोली में सद्गुरु कबीर धर्मदास साहेब वंश प्रणाली के चौथे वंशाचार्य पंथ प्रमोद गुरु बालापीर साहेब द्वारा विगत 311 वर्षों पुरानी माघ शुक्ल पक्ष पर मेला का आयोजन कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया|

# हुड़दंग मचाने वाले तीन आरोपी जेल भेजे गए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

स्थानीय पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन हुड़दंगियों को जेल भेजा है, वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों से हजारों रुपये का जुर्माना वसूला है।

वार्ड क्रमांक 10 के निवासी कृष्णकांत पांडे की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। शिकायत के अनुसार तीन व्यक्ति शराब के नशे में गली में गाली-गलौज कर मोहल्ले वासियों को परेशान कर रहे थे।

लवन पुलिस ने घेराबंदी कर निम्नलिखित आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें पवन कुमार 32 वर्ष पिता कमल कुर्रे, कमलेश उर्फ लाली 33 वर्ष पिता रामलाल गायकवाड़ और संजीव उर्फ संदीप 33 वर्ष पिता सुरेंद्र सोनी शामिल हैं।

इन आरोपियों के विरुद्ध बी एन एस एस की धारा 170, 126 और 135 (3) के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों को बलौदाबाजार एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।



### ट्रक और बाइक चालकों पर जुर्माना

थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सख्त नजर रखी जा रही है। मुख्य मार्ग पर शराब पीकर ट्रक क्रमांक 9609 चलाने वाले वीर सिंह 44 वर्ष निवासी पहलगाम हरियाणा को पकड़ा गया। न्यायालय ने उस पर 10 हजार का जुर्माना लगाया। इसी प्रकार बांधा तालाब बस्ती वार्ड 4 में देर रात बिना लाइसेंस और शराब के नशे में मोटरसाइकिल सीजी 04 जेड 2168 चलाने वाले साहिल धीवर 22 वर्ष को भी न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उस पर 15 हजार का जुर्माना लगाया गया।

### बख्शा नहीं जायेगा

सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वालों और नशे में वाहन चलाकर दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
- **प्रमोद कुमार सिंह**, थाना प्रभारी, लवन

## संयुक्त जांच रिपोर्ट में सुरक्षा मानकों और एसओपी का गंभीर उल्लंघन

# इस्पात प्लांट में नियमों के उल्लंघन पर नोटिस जारी, सप्ताहभर में देना होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम बकुलाही स्थित इस्पात संयंत्र परिसर में 22 जनवरी को घटित भीषण औद्योगिक दुर्घटना के मामले में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच रिपोर्ट के प्रतिवेदन के आधार पर कारखाना प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब एक सप्ताह में देना होगा।

सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा जारी आदेशानुसार गंभीर दुर्घटना की जांच पश्चात कारखाना प्रबंधन द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली 1962 में निहित प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में उल्लंघन पाया गया है।

अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक 1979 के तहत बिना अनुज्ञप्ति लिए अंतरराज्यीय श्रमिक से कार्य लिया जा रहा है जो कि उक्त नियमों का उल्लंघन है।

मृतको एवं घायलों को मुआवजा राशि का भुगतान-हादसे में मृत 5 श्रमिकों के परिजनों को 20 -20 लाख रुपये एवं 6 घायल श्रमिकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा राशि का भुगतान कारखाना प्रबंधन द्वारा कर दिया गया है। घायल श्रमिकों का उपचार बिलासपुर में किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 22 जनवरी को प्रातः लगभग 9.40 बजे उक्त फैक्ट्री के किल्न क्रमांक-01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के द्वितीय तल में कार्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सुरक्षित कार्यप्रणालियों का उपयोग नहीं किया गया

कारखाना प्रबंधन द्वारा किल्न क्रमांक-01 का शटडाउन किए बिना संचालन जारी रखते हुए श्रमिकों एवं कारखाने के कर्मचारियों से खतरनाक स्थिति में कार्य करवाकर उनके जीवन को जोखिम में डाला गया एवं कार्यस्थल में व्यापक सुरक्षा एवं सुरक्षित कार्यप्रणालियों का उपयोग नहीं किया गया। कारखाना प्रबंधन द्वारा किल्न क्रमांक 1 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के भीतर जमे हुए गर्म ऐश को वेटस्क्रैपर में गिराये जाने के कार्य के दौरान उचित रूप से कार्य अनुमति जारी नहीं किया गया एवं नवनियुक्त श्रमिकों को बिना कार्य अनुमति के डस्ट सेटलिंग चेंबर जैसे खतरनाक कार्यस्थल में नियोजित किया किया गया, जो कारखाना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है। कारखाना प्रबंधन द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से वाणिज्यिक उत्पादन के संबंध में अनुमति नहीं लिया गया जो कि उद्योग नीति के




## खबर संक्षेप



### चाकू लेकर घूम रहे दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन सहित नगदी जब्त

**सेल।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर बया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारपहिया वाहन में धारदार चाकू रखकर घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक चाकू, 5000 नगद, एक मोबाइल फोन तथा टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 0354 जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में आमजन की शिकायतों और अपराध संबंधी सूचनाओं के त्वरित निराकरण हेतु शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल लगातार प्रभावी साबित हो रही है। समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में 30 जनवरी को समाधान सेल में सूचना मिली कि पिथौरा महासमुंद के रहने वाले दो युवक कबाड़ बीनने-बेचने के बहाने अपने चारपहिया वाहन में धारदार चाकू रखकर बया क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी बया पुलिस टीम ने ग्राम बया में बया से ग्राम नरधा जाने वाले तिराहे पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों रामसाय देवार 27 वर्ष और आकाश देवार 25 वर्ष निवासी पिथौरा थाना पिथौरा जिला महासमुंद पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया। वाहन की तलाशी के दौरान आरोपियों से चाकू 5000 नगद एक मोबाइल फोन तथा टाटा एस वाहन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की है। आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### किसानों को दलहन तिलहन फसलों के गिनाये गए फायदे



**गिरसानाला।** उप संचालक कृषि सारंगढ़ आशुतोष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को गिरसानाला में कृषकों की बैठक ली, जिसमें लगभग 50 कृषक उपस्थित हुए। बैठक में गिरते जल को ध्यान देते हुए किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन फसल के फायदे उत्पादन के बारे में एवं पी.एम.आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य में सरसो की खरीदी की जानकारी के साथ विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। बैठक में सोलर वेंडर आनंद ताम्रकार की उपस्थिति में किसानों को पी एम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के बारे में बताया गया कि किस तरह अपने घर के बिजली बिल से मुक्त हो सके, जिसमें बहुत किसान प्रेरित हुए। बैठक उपरांत उप संचालक कृषि द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले मूगफली, सूरजमुखी लगाने वाले किसान बालाराम ग्राम सलिहा तथा ग्रीष्मकालीन धान के बदले लगभग 6 एकड़ मे टमाटर लगने वाले ग्राम मलुहा के किसान प्रणेश्वरी नेताम के यहाँ प्रक्षेत्र भ्रमण किया गया।

## छात्र-छात्राओं ने सुवा नृत्य, पंथी नृत्य, डांस, नाटक, कर्मा नाच, राउत नाच, झांकी, जसगीत आदि की रंगारंग दी प्रस्तुति

# संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार जिले के कसडोल जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम गिधौरी में संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 30 जनवरी दिन शुक्रवार को दशहरा मैदान में आयोजित किया। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवप्रसाद केवट सरपंच ग्राम पंचायत गिधौरी, अतिविशिष्ट अतिथि रमेशवर वर्मा सभापति जनपद पंचायत कसडोल, सूर्या वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सत्याभामा साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पल्लवी हेमंत दुबे पुर्व जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि ए के ध्रुव विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, एन साहू विकासखंड श्रोत समन्वयक कसडोल, शंशाक शर्मा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, मदन खाण्डेकर मीडिया प्रभारी एवं पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, हेमचंद्र साहु संकुल समन्वयक गिधौरी, विद्या रामा केवट उपसरपंच गिधौरी, सुरेंद्र विशवकर्मा सचिव ग्राम पंचायत गिधौरी एवं समस्त पंचगण, अध्यक्षता रमेश कुमार यादव प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी उपस्थित थे। संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिधौरी संकुल के अंतर्गत स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी, प्राथमिक एवं पुर्व माध्यमिक शाला गिधौरी, कैप्स्टोन स्कूल सेमरा, वेदांता पब्लिक स्कूल गिधौरी, गुरुकुल पुलेनी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला पुलेनी के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया था और सरस्वती माता की वंदना कर और कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सरस्वती माता छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता, महात्मा गांधी की चल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। इसमें सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुवा नृत्य, पंथी नृत्य, डांस, नाटक उड़िया डांस, कर्मा नाच, राउत नाच, झांकी, जसगीत आदि की रंगारंग और आकर्षक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दिया गया और प्राथमिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने डांस पर मनमोहक प्रस्तुति दिया। इसमें डांस के लिए 50 टीम शामिल थे और लोगों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव पर सभी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका एवं आसपास ग्रामीणजन भारी संख्या उपस्थित थे।





### कोसरंगी में तीन स्कूलों का हुआ संयुक्त वार्षिकोत्सव

**खरोरा।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला कोसरंगी एवं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला कोसरंगी के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बाजार चौक, कोसरंगी में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा राज्य नृत्य, पंथी नृत्य, करमा नृत्य, सुआ नृत्य एवं देशभक्ति गीतों सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने सराहा। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच दामिनी राजू मीडिया, ग्राम सभा अध्यक्ष विक्रम साहू, पंचगण, ग्राम सभा सदस्य तथा प्रधान पाठक माधव प्रसाद द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में शासकीय बालक प्राथमिक शाला की शिक्षिका सोहद्रा भिफोर, शिक्षक पंकज निषाद, भुवनेश कुमार एवं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका मीनाक्षी वर्मा, शिक्षक प्रीतम सिंह ठाकुर, सुरेश कुमार कंवर, शिक्षिका पुष्पा साहू एवं मनीष साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सरपंच, ग्राम सभा अध्यक्ष एवं पंच किशन लाल साहू द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं अभिभावक उपस्थित थे।



### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी कर्मा, पंथी और राउत नाचा की प्रस्तुति

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक के छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। इसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा और जनपद सदस्य लेखु सेन, विशिष्ट अतिथि एस एम सी अध्यक्ष भगत राम निषाद, चैनसिंह ध्रुव, सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य प्यारी निषाद, विश्वनाथ वर्मा थे। बच्चों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति सुआ, कर्मा, राउत नाच, पंथी, जांवरा, गौरा गौरी के साथ-साथ राजस्थानी, पंजाबी संगीत में भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में छिपे कला निखरती है, साथ ही उनकी झिझक दूर होती है। सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे एवं ज्योति वर्मा, चित्ररेखा वर्मा, शैल वर्मा, दिव्या वर्मा ने बच्चों के साथ नृत्य करके सबका मन मोह लिया। ग्रामीण जन बड़ी संख्या में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पारितोषिक भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर स्वाति वर्मा ने विद्यालय के एक्वेरियम का शुभारंभ भी किया। इस कार्य को सफल बनाने में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर ने किया।



### हायर सेकंडरी स्कूल में उल्लास और प्रतिभा का संगम

**बिलाईगढ़।** विकासखंड के अंतर्गत स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुतीरकुली में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर नजर आया। मुख्य अतिथि चन्द्रवती अमृत लाल साहू उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में मनोज बाई खूंटे, रामकुमार साहू, राजकुमार जांगड़े एवं एफ.एन. जायसवाल प्राचार्य शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षक रमेश कुमार पैकरा, संतोष कुमार मनहर, राजेंद्र कुमार कुर्रे, यशपाल यादव, अगमदास जायसवाल, विकास कुर्रे सहित समस्त शिक्षकों की उपस्थिति से और बढ़ गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ सराहा। बच्चों की प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय न केवल शैक्षणिक बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी है। कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



### पीएम श्री स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

**कसडोल।** विकासखंड मुख्यालय कसडोल में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गुरु घासीदास विद्यालय में गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में तिरंगा ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू, पूर्व प्राचार्य खीखराम कैवर्त्य, संतोष कुमार वर्मा सहित नगर पंचायत कसडोल के प्रमुख सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं देश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के पूजन-अर्चन से किया गया। साथ ही कसडोल के प्रथम शहीद संतराम साहू को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। तत्कालीन प्राचार्य विशेराम माडलेश्वर द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि हमें संविधान द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार जीवन जीना चाहिए, क्योंकि संविधान ही देश को सही दिशा में संचालित करता है और 26 जनवरी को ही हमारे देश में संविधान लागू हुआ था।इसी क्रम में पूर्व प्राचार्य खीखराम कैवर्त्य ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू ने कहा कि हमें वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए तथा संविधान का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें समूह नृत्य एवं भाषण शामिल रहे।



### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर बिजली विभाग की योजनाओं का हुआ प्रस्तुतीकरण



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन 30 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग की उपलब्धियों और जनहित योजनाओं की जानकारी दी गई।

अधीक्षण अभियंता जी.पी. अनंत ने अपने उद्बोधन में राज्य गठन के बाद विद्युत क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए 'मोर बिजली ऐप 2.0' के माध्यम से उपलब्ध 36 विद्युत सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के जरिए बिल भुगतान, नया कनेक्शन, भार वृद्धि, शिकायत पंजीकरण सहित अनेक सेवाएं घर बैठे प्राप्त की जा सकती हैं। स्मार्ट मीटर योजना के माध्यम से उपभोक्ता अपनी प्रति घंटे बिजली खपत की जानकारी प्राप्त कर ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। साथ ही टोल फ्री नंबर 1912 पर 24×7 शिकायत समाधान की सुविधा उपलब्ध है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को बधाई देते हुए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ लेने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने विद्युत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं को रजत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए बेहतर सेवा के लिए प्रेरित किया।

# नेशनल हाईवे पर कांग्रेसियों ने किया सांकेतिक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के नेतृत्व में धान खरीदी की तारीख बढ़ाने राष्ट्रीय राजमार्ग में सांकेतिक चक्का जाम किया। इसके पूर्व मनरेगा बचाव संग्राम पदयात्रा के ब्लॉक स्तरीय समापन कार्यक्रम करते हुए कांग्रेसजनों ने बस स्टैंड में धरना देकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि विष्णु देव साय की सरकार भ्रष्टाचार में इतना ज्यादा लिप्त है कि करोड़ों के धान को मूसवा खा जाता है और दूसरी ओर हमारे छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी नींव रखने वाले किसानों के घर में पटवारी, पंचायत सचिव को भेज कर धान का भौतिक सत्यापन के नाम से जांच कर उन्हें चोर साबित करने की कोशिश की जा रही है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, मजदूर वर्ग के लोगों के साथ सभी वर्ग के लोगों को परेशान कर दिया है। चाहे धान खरीदी में टोकन का मुद्दा हो या बिजली बिल का मुद्दा हो या बढ़ती हुई महंगाई हो, अब मनरेगा के नए नियम लाकर रोजगार जरूरत मंद ग्रामीण एवं मजदूरों को परेशान किया जा रहा है। आने वाला समय में मनरेगा को भाजपा सरकार बंद करके, ग्रामीणों को पलायन करने पर मजबूर करेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मर्राकोना सरपंच कुबेर यदु ने कहा कि भाजपा के सरकार दोगला सरकार है ये सरकार किसानों से वादा की थी एक एक धान का तिनका खरीदा जाएगा पर ये भाजपा सरकार उल्टा किसानों को धान खरीदी के नए नए नियम लाकर किसानो को परेशान करके उनका धान पुर्ण रूप से नहीं खरीद रही है उसके बाद मनरेगा जो ग्रामीणों मजदूरों का हक है उसे भी बंद करना चाहती है। कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, जनपद प्रतिनिधि विष्णु कोसले, दौलत बंजारे, कुंजराम साहू, हीरालाल साहू, मांधाता साहू, अजीत भट्ट, मो अय्यूब, रंजीत सोनवानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चंदू साहू, मंडल अध्यक्ष भिखारी गहरे, अशोक देवांगन, श्याम देवांगन, कांग्रेस नेता अजीत भट्ट, कांग्रेस नेत्री सुनीता यादव, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, योगेश ताम्रकार, संजय कोसले, पार्षद परदेशी सोनकर, मो याकूब, गोलू पाटकर, कांग्रेस नेत्री सुनीता यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### धान खरीदी तिथि बढ़ाने कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन



**पलारी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रदेश के किसानों की समस्याओं को लेकर एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन पुलिस थाना के सामने किया गया। यह आंदोलन किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर किया गया।कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर लोकतांत्रिक तरीके से किसानों की बनकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि धान खरीदी की सीमित अवधि के कारण अनेक किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए हैं। सरकार को किसानों के हित में धान खरीदी की तिथि तत्काल बढ़ानी चाहिए। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं गांधीवादी विचारधारा पर आधारित है। यदि सरकार किसानों की मांगों की अनदेखी करती है, तो आंदोलन को आगे और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रविदास बंजारे, रोहित साहू, नगर अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, रोहांसी नगर अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, उपाध्यक्ष पलारी नगर पिंटू वर्मा, पीताम्बर साहू, उपाध्यक्ष रोहांसी नगर, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे, झडिराम कनौजे, मनीष चंद्राकर, गुलाब यदु,शशिकांत वर्मा, लेखराम गनहरे, भुवन दास मनहरे, राकेश साहू, रूखमणी तेहरवंश, पार्षदगन पलारी लेखू राम वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, पार्षद रोहांसी दिनेश साहू व शीतल साहू, तोमन चंद्राकर, रसूल बेग, सुमित निराला, ऋषि साहू, पुनीत रजक, हेमंत वर्मा, रिंकू साहू, पतिराम सेन, हुमेश्वर गोस्वामी, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## भागवत में सुनाई गई भगवान के दिव्य चरित्रों की कथा

# श्रीमद् भागवत पुराणों का तिलक और विशुद्ध प्रेम शास्त्र है: पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भाटापारा निवासी पं. हरगोपाल शर्मा ने भगवान के दिव्यादि दिव्य चरित्रों की कथा सुनाई। उन्होंने कहा जैसे क्षेत्रों में काशी, बहने वालों में गंगा, देवताओं में कृष्ण व वैष्णवों में शंकर श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ है। भागवत पुराणों का तिलक व विशुद्ध प्रेम शास्त्र है जिसके आश्रय से व्यक्ति की समस्त कामनाओं की पूर्ति होती है। उन्होंने बताया हमसे अनजाने में प्रतिदिन कुछ पाप हो जाते है, उसके लिए हमें रोज गौ ग्रास, अग्नि को भोजन, चींटी को आटा, पक्षियों को अन्न व अतिथि का सत्कार करना चाहिए इन पांच



प्रकार के यज्ञ से हमें उसका दोष नहीं लगता। गज व ग्राह की कथा हमे संदेश देती है कि इस संसार में कोई किसी का नहीं सारे रिश्ते सिर्फ स्वार्थ के है, इसलिए व्यक्ति को सदैव भगवान का स्मरण बना रहना चाहिए। राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा को बड़े ही सुन्दर ढंग से सुनाते हुए कहा कि सूर्यवंश व चन्द्रवंश की ये विशेषता रही कि सूर्यवंश में सूर्य से लेकर दशरथ तक अधिकांश राजाओं ने यज्ञ किया तभी उनके पुत्र हुआ चंद्रवंश में चंद्रमा से लेकर भगवान द्वारकानाथ व उनके पुत्रों का विवाह राजी से नहीं हुआ उसमें झगड़ा जरूर हुआ। जब जब इस धरा में पाप की वृद्धि होती है तब तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित हो पापियों का नाश कर इस धरा पर पुनःधर्म की स्थापना करते है ।कृष्ण जन्म पर श्रद्धालु भजनों पर झूमते नाचते रहे भगवान के बाल चरित्रों के साथ ही गोवर्धन पूजन पर उन्होंने कहा कि भगवान ने इंद्र की पूजा बंद करा पर्वत की पूजा करा हमें प्रकृति के पूजन का संदेश दिया उन्होंने कहा कि हमे वृक्ष,पर्वत,नदियों,तालाबों का संरक्षण करना चाहिए व इनके प्रति देवतुल्य भाव रखना चाहिए। महारास के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने काम को जीतने के लिए ही महारास किया और यह स्त्री और पुरुष का नहीं जीव व जीवात्मा का मिलन था जैसे नन्हा शिशु अपनी ही परछाई से क्रीड़ा करता है वैसे ही भगवान ने गोपियों के साथ दिव्य रास किया गोपियों ने कहा प्रभु संसार में तीन तरह के लोग रहते है पहले जो प्रेम के बदले प्रेम करते है दूसरे वो जो अकारण प्रेम करते है और तीसरे जो किसी से प्रेम नहीं करते तब भगवान ने कहा जो प्रेम के बदले प्रेम व्यवहार, अकारण प्रेम सिर्फ माता पिता करते है और जो किसी से प्रेम नहीं करते वो आत्माराम, आप्तकाम अकृतग्य और गुरु द्रोही होते है।

### श्रीकृष्ण-सुदामा के मिलन की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु, आंखों से छलके आंसू

**खरोरा।** ग्राम मढ़ी के ठाकुरदेव चौक में मोहल्लावासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन भक्ति और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। कथावाचक पं. रविकांत दुबे ने जब सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया, तो न केवल श्रद्धालु बल्कि स्वयं कथावाचक की आंखें भी नम हो गईं। कथा की शुरुआत में पं. रविकांत दुबे ने मानव देह की नश्वरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि /"हम शरीर के मोह में उलझकर भक्ति का मार्ग भूल गए हैं। यह शरीर एक माला की तरह है, जिसका धागा (साँसें) टूटते ही सब कुछ बिखर जाता है। मृत्यु के पश्चात शरीर की मिट्टी भी किसी काम नहीं आती, इसलिए इस पर अभिमान करना व्यर्थ है।/" सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने आज के दौर की स्वार्थपरक मित्रता पर प्रहार किया। उन्होंने कहा सच्चा मित्र वही है जो बिना कहे अपने मित्र की पीड़ा समझ ले। जब नंगे पाँव द्वारकाधीश अपने दरिद्र मित्र सुदामा को लेने दौड़े, तो वह दृश्य अलौकिक था। प्रभु ने सुदामा को गले लगाया और उनका राजसी अभिनंदन किया। पंडित जी ने बताया कि आजकल की मित्रता केवल स्वार्थ सिद्ध होने तक ही सीमित रह गई है, जबकि कृष्ण-सुदामा का मिलन जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है।



### स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वास्थ्य और करियर पर विशेष कार्यशाला

**बिलाईगढ़।** स्वामी आत्मानन्द स्कूल बिलाईगढ़ में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता, आयुर्वेद, योग एवं करियर मार्गदर्शन विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य पीपी जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रवीण आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. खुशबू आयुष चिकित्सक उपस्थित रहे। दोनों चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को आयुर्वेद एवं योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, मानसिक स्वास्थ्य तथा रोगों की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। डॉ. प्रवीण द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवनशैली विज्ञान है, जो शरीर, मन एवं आत्मा के संतुलन पर आधारित है। उन्होंने आयुर्वेदिक घरेलू उपायों, योग, प्राणायाम, पौष्टिक आहार, अंकुरित अनाज स्प्राउट्स तथा अच्छी नींद के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. खुशबू द्वारा विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम के लाभों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ एकाग्रता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास एवं तनाव नियंत्रण में भी वृद्धि होती है, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन में अत्यंत सहायक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण (स्क्रीनिंग) भी किया गया, जिसमें उनकी सामान्य स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस भी प्रदान की गई, जिसमें 11वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकल्पों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता एवं लक्ष्य के अनुसार सही करियर चुनने हेतु प्रेरित किया गया।



## खबर संक्षेप



### गांधी जयंती पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई

**पलारी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ग्राम पंचायत बिनौरी में नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया और गांधी के आदर्श पर चलने की बात कही गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिनौरी के सरपंच किरण साहू, सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, उप सरपंच सुरेश डहरिया, डॉ. जितेंन्द्र साहू, दुर्गेश यादव, गोकुल यादव, राजेश यादव, लालाराम साहू, छगन यादव, लता निराला, शेषनारायण यादव, कमलेश साहू, ज्योति बंजारे, राजकुमारी बंजारे, रंगीला बंजारे, किशोर साहू, नारायण यादव, जगदेव यादव, राजेश प्रजापति, शुकदेव सेन, रोजगार सहायक रामकुमार निराला व पंचायत सचिव हरीश कुमार डड़सेना आदि उपस्थित थे।

### ट्रेलर में लोड सामान को ड्राइवर ने कबाड़ी के पास बेचा

**महासमुंद।** ट्रेलर लोड सामान को कबाड़ी के पास बेचने के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को करणी कृपा पावर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी तुमगांव के सुरक्षा एवं प्रशासनिक मुखिया ने आवेदन देकर बताया कि 19 जनवरी को उनके प्लांट में बजरंग इस्पात तिल्दा से ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एके 1820 आई। जिसमें लोड सामान को चेक करने पर उसमें मिट्टी मिला हुआ पाया गया, साथ ही माल में करीबन 750 किलोग्राम पैलेट कम था। ड्रायवर आदित्य कुमार सहिस से पूछने पर उसने उक्त माल को खरोरा के कबाड़ी के पास बेचना बताया तथा इस कार्य में प्लांट के पैलेट के सुपरवाईजर एवं अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत होने की जानकारी दी। मामले को लेकर लिखित आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 316 (3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पीएम आवास निर्माण में बलौदाबाजार जिला राज्य में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार- भाटापारा जिले की उपलब्धियों की फेहरिश्त में एक और कामयाबी शुमार हो गया है। जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले ने न केवल आवासों की स्वीकृति में तेजी दिखाई है, लेकिन धरातल पर निर्माण कार्य शुरू करने में भी रिकॉर्ड कायम किया है। वर्ष 2025-26 में कुल 26843 आवास स्वीकृत किया है, जिसमें 24,313 आवासों का प्रथम किश्त जारी, 20480 आवास का निर्माण प्रारम्भ हो गया है और 15120 आवास प्लिंथ स्तर तक पूर्ण हो गया है।

जिले में 15,120 आवासों का प्लिंथ स्तर तक का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो राज्य के किसी भी जिले की तुलना में सर्वाधिक है।26439 आवासो का एफटीओ किया जा चुका है जिसमे से 24,313 हितग्राहियों के खातों में पहली किश्त का सफलतापूर्वक हस्तांतरण किया जा चुका है।कुल स्वीकृत आवासों में से 20,480 मकानों पर काम शुरू हो जाना एवं 139 आवास पूर्ण प्रशासन की मुस्तैदी और ग्रामीणों के उत्साह को दिखाता है।

### जिले की उपलब्धि में जुडी एक और कड़ी






#### शत प्रतिशत आवास पूर्ण करा लिया गया

पीएम जन मन योजना अंतर्गत भी जिला में प्राथमिकता से कार्य कराके 25 पात्र हितग्राहियो का आवास स्वीकृती कर सभी का शत प्रतिशत आवास पूर्ण करा लिया गया है। जिले को जल संचयन में देश मे द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों का विशेष योगदान रहा है। आवास योजनान्तर्गत पूर्ण आवासों में 15260 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण कराया गया है।इस उपलब्धि से जिले के हजारों परिवारों का अपने पक्के घर का सपना अब हकीकत में बदल रहा है। यह न केवल ग्रामीण विकास को गति दे रहा है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा कर रहा है।

## तैयारी : कलेक्टर ने की परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

# सीजी टेट में जिले के सात हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




आगामी 1 फरवरी को व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट में जिले के 7020 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने केंद्राध्यक्ष व ऑब्जर्वर की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए और व्यापम के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए जिसके अंतर्गत महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मचारियों की अनिवार्यतः तैनाती की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लागू हो और किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्षों की दीवारों पर किसी प्रकार की शैक्षणिक सामग्री चिपकी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक कक्ष में दीवाल घड़ी लगाई जाए तथा विद्युत, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था हो। उड़नदस्ते एवं नोडल अधिकारी समय-समय पर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करें तथा किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर उसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम को दें। अभ्यर्थियों की पहचान का सत्यापन आधार एवं प्रवेश पत्र के आधार पर किया जाए और कक्षा में प्रवेश से पहले उनका चेकिंग कार्य सटीक रूप से हो।

बताया गया कि परीक्षा हेतु जिले में प्रथम पाली में 14 एवं द्वितीय पाली में 9 केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली प्राथमिक शिक्षक हेतु प्रातः 9.30 से अपरान्ह 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली मिडिल स्कूल हेतु अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5:45 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर सहित केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर उपस्थित थे।

### दिव्यांगजनों को बांटे गए सहायक उपकरण




**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को दिव्यांगजन को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 5 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम धौराभाठा के राजन धीवर एवं सेम्हराडीह के जनीराम गिरी को हस्त चलित ट्रायसायकल, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम अहमदपुर लक्ष्यदीप बंजारे एवं सिमगा विकासखंड अंतर्गत कचलोन के रुद्रकुमार चेलक को श्रवण यंत्र एवं नगर पालिका बलौदाबाजार निवासी रुखमणी साहू को व्हीलचेयर प्रदान की गई। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनको रोजमर्रा के कार्यों एवं बाहर आने -जाने में आसानी होगी। ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेयर मिलने पर उन्होंने शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप संचालक सिनीवाली गोयल एवं विभाग के अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा के लिए कॉलेज में किया नुक्कड़ नाटक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

हेल्पिंग हैंड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खरोरा पुलिस विभाग के सहयोग से विद्यालय के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को यातायात नियमों के पालन और हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश दिया कि थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, जबकि यातायात नियमों का पालन और हेलमेट का उपयोग जीवन की रक्षा कर सकता है। छात्रों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, संवाद और भावपूर्ण प्रस्तुति से लोगों का ध्यान आकर्षित किया और सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने का आह्वान किया।

- सड़क सुरक्षा– जीवन रक्षा अभियान के तहत दिया गया जागरूकता संदेश

प्राचार्य अलंकृत सैमुअल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का माध्यम है। यदि प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों का पालन करे, तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने खरोरा पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। हेल्पिंग हैंड्स स्कूल द्वारा आयोजित यह अभियान समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# छात्रों को दिलायी गई नशामुक्ति की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नवीन महाविद्यालय सोनाखान में नशामुक्ति एवं शपथ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नशा मुक्ति हेतु संकल्प एवं शपथ पत्र भरवाकर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों से स्वहस्ताक्षर कराकर शपथ दिलाई गई।

- नवीन कॉलेज में नशामुक्ति और शपथ दिवस का आयोजन हुआ

कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रा भूमिका लक्ष्मी देविका द्वारा प्रस्तुत पोस्टर विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिसमें सिगरेट, तंबाकू, गुटखा एवं शराब जैसे नशे के पदार्थों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं यशोदा ठाकुर, हिना साहू, सोहन, प्रीति एवं ललिता द्वारा नशे के सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों को भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा में महाविद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य रूपचंद जोशी, सहायक प्राध्यापक निर्वेश कुमार दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार, प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. दीनदयाल जायसवाल, डॉ. शांति कुमार, ज्वाला साहू, पुरुषोत्तम साहू, युगल किशोर, रामेश्वर देवांगन सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

**न्यायालय श्रीमान जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस/नोटिस**
दावा प्र.क्रं 1069/2023 पेशी ता. 25/02/2026
आदेश दि. 13/01/2026 प्रोसेस क्रं 546
अनिल कुमार बंजारे...आवेदक **विरूद्ध** सोहन रजक उर्फ पप्पू एवं अन्य 02...अनावेदकगण
प्रति,
सोहन रजक उर्फ पप्पू पिता मनोहर लाल रजक उम्र 31 वर्ष निवासी इंदिरा आवास सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग) (वाहन चालक टाटा हेक्सा कार क्रं CG-22 K-2866)

चूंकि आवेदक अनिल कुमार बंजारे पिता परमानंद बंजारे उम्र 31 वर्ष निवासी जरहाभाठा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में अपने को आई मोटर दुर्घटना से गंभीर चोटों की क्षतिपूर्ति बाबत दावा आवेदन पेश किया है। उक्त दावा प्रकरण में आप अनावेदक क्रं 01 के रूप में पक्षकार है। उक्त दावा प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/02/2026 को नियत है। जिसमें आप अनावेदक क्रं 01 की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है। आप अनावेदक क्रं 01 को इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसे सम्यक आदेश प्रदान किया गया हो एवं जो सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके मय अपने पक्ष के दस्तावेज के साथ अपनी आपत्ति/ जवाब पेश कर सकते है।
यदि सुनवाई तिथि को आप अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर लगाकार जारी किया गया।
स्थान :बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक: 30/01/2026
**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**न्यायालय श्रीमान जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस/नोटिस**
दावा प्र.क्रं 1069/2023 पेशी ता. 25/02/2026
आदेश दि. 13/01/2026 प्रोसेस क्रं 545
धर्मराज..आवेदक **विरूद्ध** सोहन रजक उर्फ पप्पू एवं अन्य 02...अनावेदकगण
प्रति,
विकास शर्मा पिता मुरारीलाल शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी महावीर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा जिला बलौदाबाजार (छ.ग) (पंजीकृत वाहन स्वामी टाटा हेक्सा कार क्रं CG-22 K-2866)

चूंकि आवेदक धर्मराज पिता संतोष सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष निवासी ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में अपने को आई मोटर दुर्घटना से गंभीर चोटों की क्षतिपूर्ति बाबत दावा आवेदन पेश किया है। उक्त दावा प्रकरण में आप अनावेदक क्रं 02 के रूप में पक्षकार है। उक्त दावा प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/02/2026 को नियत है। जिसमें आप अनावेदक क्रं 02 की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है। आप अनावेदक क्रं 02 को इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसे सम्यक आदेश प्रदान किया गया हो एवं जो सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके मय अपने पक्ष के दस्तावेज के साथ अपनी आपत्ति/ जवाब पेश कर सकते है।
यदि सुनवाई तिथि को आप अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर लगाकार जारी किया गया।
स्थान :बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक: 30/01/2026
**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

# दौड़ में निकिता प्रथम और रूपाली को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के द्वितीय और अंतिम दिवस विविध खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें क्रमशः 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम निकिता वर्मा एवं द्वितीय रूपाली साहू, 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम जयंत भारद्वाज एवं द्वितीय ईश्वर रहा। इसी तरह 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम निकिता वर्मा एवं द्वितीय दुर्गा वर्मा तथा 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम ईश्वर एवं द्वितीय उमेश यादव रहा। जबकि स्लो साइकलिंग महिला वर्ग में प्रथम भावना यदु एवं द्वितीय पूर्वा वर्मा तथा स्लो साइकलिंग पुरुष वर्ग में प्रथम समीर कुर्रे एवं द्वितीय स्थान पर उमेश काबिज रहा। गोला फेक महिला वर्ग में प्रथम पायल गिलहरे तथा द्वितीय यशस्वी मंडावी रही। जबकि गोला फेक पुरुष वर्ग में प्रथम मानव दास एवं द्वितीय उमेश रहा। शतरंज महिला वर्ग में प्रथम आरती वर्मा एवं द्वितीय अरीबा अली रही। शतरंज पुरुष वर्ग में प्रथम मानव दास एवं द्वितीय मिलन निषाद रहा। क्रिकेट मैच महिला वर्ग में विजेता बी.ए. संकाय टीम रही जबकि क्रिकेट पुरुष वर्ग में विजेता बी.ए. संकाय ही रही। प्राचार्य डॉ शंपा चौबे ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है। निर्णय लेने की क्षमता आती है। शरीर स्वस्थ रहता है। और स्वस्थ शरीर में ही ईश्वर का वास होता है। इस अवसर पर उन्होंने बालक एवं बालिका क्रिकेट मैच के विजेता टीम को एक-एक हजार रुपए और रनर अप टीम को पांच-पांच सौ रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर उत्साहवर्धन कीं।

# कांग्रेस से मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि ब्लॉक अध्यक्ष रविदास बंजारे के नेतृत्व मनाई गई, जिसमें उपस्थित कांग्रेसजनों ने गांधीजी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। वहीं एक स्वर में गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राजा राम पतित पावन सीताराम ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सम्मति दे भगवान गाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर कांग्रेस नेताओ ने बताया कि महात्मा गांधी देश के महान लीडर है वे देश के प्रत्येक लोगो को दिल में बसते हैं। महात्मा एक सोच जिसे पूरा विश्व मानता है, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित नेल्सन मंडेला भी उनके राह में चलते हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश भाजपा सरकार गांधी के हत्यारे गोडसे की विचारधारा की है, जहां महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के दिन भी शराब बिक्री कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रविदास बंजारे, रोहित साहू, नगर अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, रोहांसी नगर अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, उपाध्यक्ष पलारी नगर पिंटू वर्मा, पीताम्बर साहू उपाध्यक्ष रोहांसी नगर, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कनौजे, झाडिराम कनौजे, मनीष चंद्राकर, गुलाब यदु, शशिकांत वर्मा, लेखराम गनहरे, भुवन दास मनहरे, राकेश साहू, रूखमणी तेहरवंश, पार्षदगन पलारी लेखू राम वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, पार्षद रोहांसी दिनेश साहू व शीतल साहू, तोमन चंद्राकर, रसूल बेग, सुमित निराला, ऋषि साहू, पुनीत रजक, हेमंत वर्मा, रिंकू साहू, पतिराम सेन, हुमेश्वर गोस्वामी, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थिया वंशिका सोनी ने पुलिस को बताया कि उसका पति मनीष सोनी नशा करके आये दिन विवाद झगड़ा मारपीट करता था। जिसके कारण वह अपने बच्चों को अपनी मां के पास छोड़कर चेन्नई चली गई थी। 13 जनवरी को पिता के मृत्यु हो जाने के बाद वह सरायपाली आयी तथा 23 जनवरी को उसके पिता दशगात्र कार्यक्रम हुआ। इसी दिन उसका मनीष सोनी मेरे पास आकर अपने साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगा। जब उसने मना तो गाली गलौज कर मारपीट करने लगा।

## पेज 9 के शेष

### मनरेगा कानून बदलने ...

बदलाव कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। काम के दिनों में कटौती, भुगतान में देरी और नियमों को जटिल बनाकर मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी।सभा को राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, अमित शर्मा, अजय ठाकुर, वैभव केसरवानी के अलावा बडी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने किया।

### इस्पात प्लांट में ...

के दौरान अचानक विस्फोट एवं गर्म ऐश की बौछार होने से 6 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जब कि 5 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच उपरांत कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के अंतर्गत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं समस्त मेंटेनेंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

बलौदाबाजार तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम बकुलाही स्थित मेसर्स रियल इस्पात एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कारखाना परिसर में 22 जनवरी को घटित भीषण औद्योगिक दुर्घटना के मामले में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच रिपोर्ट के प्रतिवेदन के आधार पर कारखाना प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब एक सप्ताह में देना होगा।

सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा जारी आदेशानुसार गंभीर दुर्घटना की जांच पश्चात कारखाना प्रबंधन द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली 1962 में निहित प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में उल्लंघन पाया गया है।

कारखाना प्रबंधन द्वारा किल्न क्रमांक-01 का शटडाउन किए बिना संचालन जारी रखते हुए श्रमिकों एवं कारखाने के कर्मचारियों से खतरनाक स्थिति में कार्य करवाकर उनके जीवन को जोखिम में डाला गया एवं कार्यस्थल में व्यापक सुरक्षा एवं सुरक्षित कार्यप्रणालियों का उपयोग नहीं किया गया। कारखाना प्रबंधन द्वारा किल्न क्रमांक 1 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के भीतर जमे हुए गर्म ऐश को वेटस्क्रैपर में गिराये जाने के कार्य के दौरान उचित रूप से कार्य अनुमति जारी नहीं किया गया एवं नवनियुक्त श्रमिकों को बिना कार्य अनुमति के डस्ट सेटलिंग चेंबर जैसे खतरनाक कार्यस्थल में नियोजित किया किया गया, जो कारखाना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है। कारखाना प्रबंधन द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से वाणिज्यिक उत्पादन के संबंध में अनुमति नहीं लिया गया जो कि उद्योग नीति के विरुद्ध है। कारखाना प्रबंधन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत श्रमिकों को वेतन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में पंजी उपलब्ध नहीं कराया गया। संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत 20 या 20 से अधिक श्रमिक होने पर उनके द्वारा ठेका श्रमिक 1973 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति लिया जाता है। जबकि उनके द्वारा कारखाना में 02 ठेकेदार होने के बाद भी 100 श्रमिक से कार्य लिए जाने पर अनुज्ञप्ति नहीं लिया गया है।

अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक 1979 के तहत बिना अनुज्ञप्ति लिए अंतरराज्यीय श्रमिक से कार्य लिया जा रहा है जो कि उक्त नियमों का उल्लंघन है।

मृतको एवं घायलों को मुआवजा राशि का भुगतान- हादसे में मृत 5 श्रमिकों के परिजनों को 20 -20 लाख रुपये एवं 6 घायल श्रमिकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा राशि का भुगतान कारखाना प्रबंधन द्वारा कर दिया गया है। घायल श्रमिकों का उपचार बिलासपुर में किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 22 जनवरी को प्रातः लगभग 9.40 बजे उक्त फैक्ट्री के किल्न क्रमांक-01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के द्वितीय तल में कार्य के दौरान अचानक विस्फोट एवं गर्म ऐश की बौछार होने से 6 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जब कि 5 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच उपरांत कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के अंतर्गत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं समस्त मेंटेनेंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
30 जनवरी 2026
SHOW TIME
बार्डर – 2
शो समय - 12:00, 3:00, 6:45, 9:00 PM
मर्दानी – 3
शो समय - 03:45, 06:15 PM
कब होगी मिलन (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# हाईस्कूल की 37 छात्राओं को साइकिल वितरित, बच्चों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

शहीद धनंजय वर्मा शासकीय हाईस्कूल में 37 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कक्षा नौवीं की छात्रा सीमा ध्रुव पुरेना, आंचल जांगड़े नवागांव ने मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमें स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी होगी।

निःशुल्क साइकिल वितरण में मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रप्रकाश साहू एवं विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य शांति देवी कुंजाम पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष महाबल बघेल, सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले, उपसरपंच कुलेश्वर पिंकू वर्मा, पंच राहुल घृतलहरे, ओमेश कांत यादव, जनभागीदारी अध्यक्ष रोहित धीवर, सोमप्रकाश रजक थे।

इस योजना से बेटियों की शिक्षा में दूरी बाधा दूर होगी और वे अपने सपनों को पूरा कर सकेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल से शिक्षा का विस्तार होगा और विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। इस दौरान सचिव रामेश्वर लहरी, शाला परिवार से प्राचार्य शशिकांत डहरिया, वरिष्ठ व्याख्याता गणेशराम वर्मा, राजकुमार लहरें, सुनील सिंह ठाकुर एवं यूनेश्वरी ध्रुव प्रमुख से उपस्थित थे।

## छात्राओं को अब स्कूल समय पर पहुंचने में होगी आसानी



### समावेशी विकास का मार्ग भी प्रशस्त है करती

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में प्रारंभ हुई निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष महाबल बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निशुल्क वितरण योजना न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास का मार्ग भी प्रशस्त करती है। जनभागीदारी अध्यक्ष रोहित धीवर ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरण करना एक सराहनीय पहल है।

## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बटोरी तालियां

**पलारी।** नगर स्थित कुंती पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह मनाया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम पलारी, सेजेस पलारी के प्राचार्य, अंबुजा विद्यापीठ की हेड कोऑर्डिनेटर एवं शिक्षिका विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एसडीएम ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियां वैसी ही हैं जैसी हम टीवी या बड़े-बड़े संस्थानों में देखते हैं। शिक्षकों ने बच्चों को बहुत अच्छे ढंग से तैयार किया है। हर प्रस्तुति में गुणवत्ता, वास्तविकता और उच्च स्तर साफ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास सराहनीय है। अंबुजा विद्यापीठ की हेड कोऑर्डिनेटर ने कहा कि यहां के बच्चे अत्यंत अनुशासित, संस्कारी और ज्ञानवान हैं। उनकी मंच प्रस्तुति बहुत शानदार रही। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें भारत की महिला क्रिकेट टीम की जीत पर आधारित नृत्य, इसरो टीम पर आधारित, देशभक्ति नृत्य, कृष्ण लीला, भांगड़ा, राजस्थानी लोक नृत्य, योगा डांस, स्वागत गीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार, शिक्षकों को सम्मान तथा अभिभावकों को भी विशेष अवार्ड प्रदान किए गए। सभी पालकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की खुले दिल से सराहना की।

### पलारी में युवाओं का संगम आज

**पलारी।** नगर में 31 जनवरी को युवा संगम कार्यक्रम सुबह 10 बजे से कुर्मी भवन पलारी में आयोजित किया गया है। लोकेश यदु ने कहा युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि संगठित, अनुशासित और संस्कारित युवा ही देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे राष्ट्रभक्ति सामाजिक समरसता और सेवा भाव को आत्मसात करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास और सामाजिक दायित्व बोध विकसित करने का एक सशक्त मंच सिद्ध होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने लगातार युवाओं का बैठक आयोजित किया जा रहा है,पूरे पलारी विकासखंड के प्रत्येक गांव से युवा शामिल होने आग्रह किया है।

### ट्रक से डीजल चोरी कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद।** ट्रक से डीजल चोरी कर रहे एक व्यक्ति को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिंघोडा चौक के पास खड़ी ट्रक क्रमांक ओडी 23 ए 2765 से डीजल चोरी कर रहा है। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि एक व्यक्ति उक्त ट्रक की टंकी से प्लास्टिक पाइप के द्वारा डीजल खींचकर चोरी कर प्लास्टिक के जरीकेन में निकाल रहा है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामेश्वर मिरी पिता सुदाम मिरी (20 साल) सिंघोड़ा बताया।

## निधन

### सुखीराम वर्मा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम ठेलकी निवासी 80 वर्षीय पूर्व सरपंच सुखीराम वर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते-रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे टेकराम वर्मा अधिवक्ता के पिता महेश्वर, भेनुशंकर, लोकेश के बड़े के पिता तथा चंद्रिका, कमलेश, कोमल और लहाराम के चाचा थे।

## निरीक्षण : गुणवत्तायुक्त बीज को लेकर वैज्ञानिकों को दिए गए दिशा-निर्देश

# कृषि विज्ञान केंद्र में डॉ. टूटेजा ने किया धनिया, अलसी गेहूं फसलों के प्रजनक एवं आधार बीज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कृषि विकास एवं किसानों के उत्थान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा द्वारा विगत दिवस कृषि विज्ञान केंद्र (के.वि.के.) भाटापारा का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र द्वारा संचालित प्रक्षेत्र आधारित अनुसंधान, बीज उत्पादन कार्यक्रमों, कृषक-केन्द्रित विस्तार गतिविधियों एवं कार्यालयीन कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण किया।

■ बायोफोर्टीफाइड गेहूं पर समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन की जानकारी

इसी क्रम में डॉ. पी. डी. वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि यंत्रीकरण) द्वारा किसानों के लिए संचालित कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई, जिससे लागत में कमी एवं कार्य दक्षता में वृद्धि हो रही है।

वहीं डॉ. स्वाति ठाकुर मिर्झा, विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं प्रभारी, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तिलहन, ने तिलहन फसलों में नवीन तकनीकों एवं उन्नत किस्मों पर आधारित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

भ्रमण के अंत में डॉ. टुटेजा द्वारा कार्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों की जाँच की गई। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी संधारण पर संतोष व्यक्त किया। डॉ. सागर आनंद पाण्डेय, प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा प्रक्षेत्र प्रबंधन एवं संसाधनों के कुशल उपयोग की जानकारी दी गई।



### दलहन एवं तिलहन फसलों पर संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की

भ्रमण के दौरान डॉ. टुटेजा ने के.वि.के. प्रक्षेत्र में संचालित धनिया, अलसी, गेहूं, करायत एवं तिवड़ा फसलों के प्रजनक एवं आधार बीज उत्पादन कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने फसलों की स्थिति, फसल प्रबंधन, रोग-कीट नियंत्रण एवं बीज उत्पादन मानकों के पालन की जानकारी लेते हुए वैज्ञानिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त बीज कृषि उत्पादन की नींव है और कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका किसानों तक उन्नत एवं प्रमाणित बीज पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. टुटेजा द्वारा कृषक प्रक्षेत्रों पर आयोजित प्रक्षेत्र परीक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, सीड हब कार्यक्रम तथा समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन विशेषकर दलहन एवं तिलहन फसलों पर संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम

इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कश्यप, विषय वस्तु विशेषज्ञ मृदा विज्ञान ने किसान उत्पादक संगठन बलौदाबाजार द्वारा बायोफोर्टीफाइड गेहूं पर समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बायोफोर्टीफाइड गेहूं में जिंक एवं आयरन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की अधिकता होने से यह पोषण सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है। डॉ. टुटेजा ने एफपीओ को किसानों को संगठित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बताया।

### दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है

डॉ. सविता राजपूत, विषय वस्तु विशेषज्ञ एवं प्रभारी, सीड हब दलहन एवं समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन दलहन, ने दलहन फसलों में बीज उत्पादन, उन्नत किस्मों के प्रदर्शन एवं किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीड हब कार्यक्रम से जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम गुर्रा के उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव प्रतिभा का आयोजन में भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए।

वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान का केंद्र नहीं होता, बल्कि यह वह पवित्र स्थल है, जहां बच्चों के जीवन का निर्माण होता है। शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और संस्कृति का समन्वय ही सशक्त समाज की नींव रखता है। आज के इस प्रतिभा कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ यह दर्शाती हैं कि हमारे बच्चे बहुआयामी प्रतिभाओं से परिपूर्ण हैं।

ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, मंच कौशल और सामाजिक चेतना का विकास करते हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, जनपद सदस्य किरण सोनवानी, सरपंच गंगा ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच शंकर जायसवाल, प्रदीप अनंत, गोवर्धन ध्रुव, गौवेलाल सोनवानी एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

# स्कूलों में हुआ लैंगिक उत्पीड़न निवारण जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन पर शासकीय अर्द्धशासकीय, प्राइवेट संस्थानों में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 की धारा 4 अनुसार समिति गठित करने जागरूक किया जा रहा है, जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य हैं।

महिला संरक्षण अधिकारी एवं मिशन शक्ति हब से मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न द्वारा व्यापारी संघ भाटापारा, दाल मिल, पोहा मिल में जाकर कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए तथा सुमित बाजार में आंतरिक शिकायत समिति का गठन करवाया गया तत्पश्चात एस.एचई-बॉक्स पोर्टल पर पंजीयन कर आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों को ऑनबोर्ड किया गया । लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 की धारा 4 अनुसार समिति गठित करने जागरूक किया जा रहा है। जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य हैं।

# गांव एवं क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

नवीन ग्राम पंचायत मुख्यालय, शासकीय प्राथमिक माध्यम शाला, कृषि सेवा सहकारी मर्यादित समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिजली कार्यालय गोपालपुर में गणतंत्र दिवस दिवस धूम धाम गया। छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय तीरंगा झंडा के विधि विधान से पूजा अर्चना कर झंडा फहराया गया। तत पश्चात मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर विस्तार से बतलाए एवं भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाले। क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पंचायत मुख्यालय खम्हरिया, शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला एवं पंचायत मुख्यालय धौराभाठा, शासकीय प्राथमिक शाला साजापाली, शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला एवं पंचायत मुख्यालय पीपरभवना, शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया, शासकीय हाई स्कूल एवं पंचायत मुख्यालय धन गांव, शासकीय प्राथमिक शाला हरदी मे गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया।



# संयंत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीमेंट वर्क्स में राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का समापन हुआ। इस अवसर पर सुरक्षा, सतर्कता एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजर्स ने भाग लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सुरक्षित ड्राइविंग, कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक आदत और जिम्मेदारी है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक कार्य में अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा सुरक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया। इस समारोह में मैकेनिकल विभाग के एचओडी मुकेश, सीएसआर विभाग प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, सुरक्षा विभाग के एचओडी आलोक पाठक तथा पीएलएच अमिया पात्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही सिक्योरिटी विभाग से राजू सिंह एवं अनूप सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

लॉजिस्टिक्स विभाग से विकास रायचौधरी, प्रकाश कुमार जेना, युगल किशोर शर्मा, अभिषेक बाजपेई, परमेश्वर वर्मा, कृष्णा साहू, विजय वर्मा, भारत भूषण, अग्नित ठाकुर एवं हेतराम निर्मलकर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने ली जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक

# उद्योगों को प्रोत्साहित करने आवश्यक समन्वय के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक ली। उन्होंने जिले में औद्योगिकीकरण की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उद्योगों को प्रोत्साहित करने आवश्यक समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि आने वाले 5 वर्षो में जिले में औद्योगिक इकाइयों के बढ़ने की सम्भावना है जिसके लिये लैंड बैंक चिह्नकित कर सुरक्षित रखें। पोहा मिलो को प्रोत्साहित करने के लिये नफ़ेड से टाईप करने कि दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा विभिन्न वेरायटी के पोहा उत्पादन हो रहे है। अलग -अलग पोहा के गुणवत्ता व पोषक तत्वो की विस्तृत जानकारी से समबंधित ब्रोशर तैयार किये जाएं जिससे मार्केटिंग ठीक से हो। उन्होंने मिलो में बार -बार अलग -अलग विभागों द्वारा जांच से होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिये सभी विभागों द्वारा संयुक्त रूप से जांच करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा मानक एवं अन्य सुविधाओं का का विशेष ध्यान रखना होग़ा।

इस दौरान चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एवं मिलर्स के द्वारा सुझाव एवं मांगे रखी गई जिसमें निर्यात को गति देने के लिये जिले में ड्राई पोर्ट एवं कस्टम विभाग के कार्यालय खोलने की मांग की गई। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार गुनेश्वरी साहु सहित चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एवं पोहा मिल एसोसिएशन के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411